वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 29 अप्रैल 2021

-: शोक सन्देश :-

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वर्ष 1973 के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे श्री नटवरलाल राजगुरु का कर्णावती में आज सुबह कोरोना उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया। स्व.श्री नटवरलाल राजगुरु का जन्म 14 मार्च 1936 को गुजरात के भावनगर में हुआ। कर्णावती के सेंट जेवियर्स कोलेज से अर्थशास्त्र के प्राध्यापक के रूप में उन्होंने शिक्षण कार्य शुरू किया। वर्ष 1996 तक कर्णावती की प्रतिष्ठित श्रीमती एस.आर.महेता (नवगुजरात) आर्ट्स कोलेज में आचार्य का दायित्व निभाते हुए निवृत हुए।

स्व. श्री नटवरलाल राजगुरु ने एक अच्छे लेखक के तौर पर कई पुस्तके एवं लेख समाज को समर्पित किये। उन्होंने गुजरात राज्य की कॉमन यूनिवर्सिटी एक्ट बनाने वाली समिति तथा गुजरात ओपन स्कूल कमिटी में सदस्य के रूप में उनकी शिक्षा सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की शिक्षण समिति के 6 वर्ष उप-प्रमुख भी रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्य की शुरुआत गुजरात में वर्ष 1964 से हुई तब से वह कार्य में जुड़े एवं अग्रणी कार्यकर्ता की भूमिका में रहे। वर्ष 1971 में कर्णावती महानगर अध्यक्ष, वर्ष 1972 में गुजरात प्रदेश अध्यक्ष तथा वर्ष 1973 में अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन किया। आपातकाल के दौरान वर्ष 1976 में मीसा कानून के तहत उनकी गिरफ़्तारी हुई और एक वर्ष तक कारावास में रहे। लोकतंत्र की रक्षा के दौरान हुए संघर्ष में प्राध्यापक नटवरलाल राजगुरु का योगदान अमूल्य रहा। वर्तमान में उनके पास इतिहास संकलन योजना के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व था। उनके पश्चात अभी उनकी पत्नी, तीन पुत्रियां, एक पुत्र एवं उनका परिवार है।

उनका निधन समस्त अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिवार के लिए गहरा आघात है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. छगनभाई पटेल, राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी. राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान एवं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्री प्रफुल्ल आकांत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दुःख तथा पीड़ा भरे इस कठिन समय में अभाविप स्व. श्री नटवरलाल राजगुरु जी के परिवार के साथ है तथा ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करे और उनके परिवार को इस दुस्सह दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

(यह शोक सन्देश केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी किया गया है।)